2 फरीदाबाद
स्कूलों में नहीं जमा कराया फार्म छह मनमाने ढंग से बढ़ा दी फीस

6 अभिमत
विकास को कर्नाटक का आशीर्वाद

9 देश-विदेश
नकारात्मकता से भरे लोग देश में अच्छा होता देखना नहीं चाहते : मोदी

11 फीचर
बच्चों की ग्रोथ के लिए काफी नहीं है दूध

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 94
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 11 मई, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत ने महिला जूनियर एशिया कप को टीम घोषित की

पेज - 12

# अग्रवाल महविद्यालय में दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अर्थशास्त्र, प्रबंध और वाणिज्य विभागों के तत्वावधान में चैंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड गैंस एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। जिसका बुधवार को समापन समारोह हुआ।

इस सम्मेलन को कुल आठ तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया, जिसमें से चार तकनीकी सत्रों का आयोजन पहले दिन मंगलवार को किया गया था। अगले चार तकनीकी सत्रों का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक



मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य

प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 चैलेंजेस एंड अपॉरच्युनिटी शीर्षक किताब का विमोचन भी किया गया। दूसरे दिन पांचवें सत्र की अध्यक्षता डॉ. विजित चतुर्वेदी एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा द्वारा की गई। आमंत्रित वार्ता प्रोफेसर एसके चक्रवर्ती, फॉर्मर हेड डीन एकेडमिक्स एनआईटी, कुरुक्षेत्र द्वारा दी गयी। उनका विषय था डब्ल्यूटीओ एडवांटेज एंड डिसएडवांटेज।